राजस्थान पुलिस ने एक हजार किलो अवैध गांजे से भरा ट्रक मध्यप्रदेश में पकड़ा

जयपुर (कासं)। राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच ने मध्यप्रदेश के गुना इलाके में एक हजार किलो अवैध गांजे से भरे ट्रक को पकड़ा है। राजस्थान नंबर का यह ट्रक जलपाईगुड़ी से गांजे की तस्करी करके ला रहा था। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 करोड़ रुपये की कीमत का गांजा भी जब्त किया। मध्यप्रदेश की गुना पुलिस ने ट्रक सवार तस्कर को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) डॉ. रविप्रकाश मेहरडा ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि झालावाड़ निवासी तस्कर महेंद्र सिंह ने राजस्थान में सप्लाई के लिए अवैध गांजे की बड़ी खेप मंगवाई है। सूचना पर एक विशेष टीम गठित कर मध्यप्रदेश की तरफ रवाना की गई। सीआईडी क्राइम ब्रांच ने मध्यप्रदेश तक ट्रक का पीछा किया और गुना से कुछ दूरी पहले राजस्थान नंबर के संदिग्ध ट्रक को रुकवाने की कोशिश की। ट्रक चालक तस्कर ने पुलिस जीप पर ट्रक चढ़ाकर पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश की। सीआईडी टीम किसी प्रकार से बाल-बाल बच गई, इसके बाद गुना पुलिस की मदद लेकर आगे नाकाबंदी करवाकर ट्रक का पीछा किया।

गुना बाईपास प्रसार भारती दूरदर्शन केंद्र के सामने नाकाबंदी में स्थानीय पुलिस ने ट्रक को रुकवा लिया। इस बीच ट्रक का पीछा करते हुए राजस्थान सीआईडी की टीम भी पहुंच गई। इस ट्रक में रबर मैटेरियल भरा हुआ था, जिसके नीचे पैकेट छुपाए हुए थे। तलाशी में 10-10 किलो के 100 पैकेट मिले, जिनमें 1 हजार किलो गांजा भरा हुआ था। ट्रक सवार तस्कर बद्रीलाल यादव (41) निवासी गांव रतन खेड़ी आगर मालवा मध्य प्रदेश से पूछताछ की गई तो उसने जलपाईगुड़ी के पास माता बंगा क्षेत्र से गांजा लाने की बात स्वीकारी। आरोपी यह गांजा झालावाड़ के दाता का खेड़ा निवासी महेंद्र सिंह तथा आगर मध्य प्रदेश निवासी कमल सिंह व चेन सिंह ठाकुर को सौंपने वाला था। पुलिस ने अवैध गांजे से भरे ट्रक को जब्त कर आरोपी बद्री लाल यादव को गिरफ्तार कर लिया।

- मध्यप्रदेश के गुना में सीआईडी की टीम ने ट्रक रुकवाना चाहा तो ड्राईवर ने पुलिस जीप को टक्कर मारकर भागने की कोशिश की
- रबर मैटेरियल से भरे ट्रक में गांजे के 10-10 किलो के 100 पैकेट छुपा कर रखे हुए थे
- बरामद गांजे की कीमत करीब दो करोड़ रुपए आंकी गई है

राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच ने मध्यप्रदेश के गुना इलाके में ट्रक चालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो करोड़ रुपये की कीमत का गांजा भी जब्त किया।

ब्रज संस्कृति से महका जवाहर कला केन्द्र का प्रांगण

राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने भगवान कृष्ण और राधा बने कलाकारों को पुष्पहार अर्पित किया।

जयपुर। जवाहर कला केन्द्र के मुक्ताकाशी मंच पर सोमवार को ब्रज संस्कृति से महक उठा। राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी के 38वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में ब्रज संस्कृति की अनुपम छटा बिखरेते रंगारंग कार्यक्रम हुए।

अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण शर्मा और सचिव गोपाल लाल गुप्ता ने बताया कि समारोह में डीग के भारतीय कला संस्थान के अशोक कुमार शर्मा के निर्देशन में राजस्थान के ब्रज क्षेत्र से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण रास, बम रसिया, शिव तांडव, रसिया नृत्य, चरकुला नृत्य आदि के मन मोहक प्रदर्शन से वहां मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। सभी नृत्यों में कलाकारों के परिधान और नृत्यों की दृश्य संरचना देखने योग्य थी। इस मौके पर हिण्डौन के छैल बिहारी पाठक के निर्देशन में कलाकारों ने लांगुरिया नृत्य पेश किया। इस नृत्य के गीत की लय-ताल और नृत्य कलाकारों की भाव मुद्राएं ऐसी थीं कि कार्यक्रम बैठे लोगों के कदम खुद-ब-खुद थिरकने लगे। समारोह की अंतिम प्रस्तुत बेहतरीन रही। विभिन्न प्रस्तुतियों में शामिल 54 कलाकारों ने एक साथ मंच पर आकर एक सुर और एक लय पर फूलों की होली के जरिए भगवान श्रीकृष्ण के महारास को जीवंत कर दिया। सचिव गोपाल लाल गुप्ता ने अकादमी का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।समारोह के दौरान पर आए अतिथियों ने राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी के नए लोगों का लोकार्पण किया।

कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री डॉ. बीडी कल्ला और कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़ के सानिध्य में हुए इस समारोह की शुरुआत में ब्रज भाषा अकादमी के दो पूर्व अध्यक्ष हीरालाल शर्मा और कृष्णचंद गोस्वामी तथा दो पूर्व सचिव नाथूलाल महावर और पारीक को ब्रज भाषा सेवा सम्मान से नवाजा गया। कल्ला तथा राठौर ने चारों विभूतियों को शॉल स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

राज्यपाल ने तीन निजी विश्वविद्यालयों के विधेयक पुनर्विचार के लिए लौटाए

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने पन्द्रहवीं विधानसभा के सप्तम सत्र द्वारा पारित तीन निजी विश्वविद्यालयों-ड्यून्स विश्वविद्यालय, जोधपुर, व्यास विद्या पीठ विश्वविद्यालय, जोधपुर तथा सौरभ विश्वविद्यालय, हिन्डौन सिटी, करौली के अलग-अलग विधेयकों को पुनर्विचार हेतु लौटा दिया है। मिश्र ने संविधान के अनुच्छेद 200 और उसके परन्तुक के अनुसरण में प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालयों के इन विधेयकों को निर्धारित नियमों के अंतर्गत प्रक्रिया पूर्ण नहीं किए जाने के कारण लौटाया है।

राज्यपाल ने कहा है कि इनकी पत्रावली देखने से स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय भूमि, भवनों के निर्धारित नियमों की बगैर पालना ही स्थापित किए जा रहे हैं। इनसे राज्य के राजस्व का भी सीधे तौर पर नुकसान होता प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बगैर भू रूपांतरण, भवन के बगैर संचालित पाठ्यक्रमों पर भी आपत्ति जताई है।

राज्यपाल ने इस संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पृथक से पत्र भी लिखा है। इसमें प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालयों द्वारा निर्धारित नियमों के अंतर्गत भवन एवं भूमि तथा पाठ्यक्रमों के संचालन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं किए जाने का उल्लेख किया है। मिश्र ने विधेयक पुनर्विचार के लिए लौटाने सबंधित मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में लिखा है कि विधेयकों के संबंध में पत्रावलियों के अवलोकन से पता चलता है कि राज्य में यह जो निजी विश्वविद्यालय स्थापित हो रहे हैं, वे नियमों और समय समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने निजी विश्वविद्यालयों की कमियों को सम्भागीय, राजस्व अधिकारियों की उच्च स्तर पर कमेटी गठित कर विस्तृत जांच कराने के भी निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने विधेयक लौटाते हुए पत्र में स्पष्ट कहा है कि निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के संबंध में व्यापक विचार विमर्श कर राज्य सरकार एक समग्र नीति निर्माण कर कार्यवाही करें।

न्यायिक कर्मियों का सामूहिक अवकाश जारी

जयपुर, (का.सं.)। न्यायिक अफसर के निवास पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुभाष मेहरा के आत्मदाह से जुड़े मामले को लेकर जिला न्यायालय सहित जयपुर मेट्रो प्रथम व द्वितीय के न्यायिक कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश सोमवार को 11 वें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों के अवकाश के कारण अदालतों का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। वहीं आमरण अनशन कर रहे संघ के प्रांतीय महामंत्री सतबीर सिंह और रामावतार मीणा के साथ अब संघ के संरक्षक नत्थू सिंह तंवर व संघर्ष समिति के अध्यक्ष बद्रीलाल चौधरी ने भी आमरण अनशन शुरू कर दिया है।

धर्मेन्द्र भल्ला को मिला डिजाइन इनोवेशन नेशनल अवॉर्ड

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सोमवार को हुए भव्य समारोह में मिनिस्टर ऑफ टेक्सटाइल पीयूष गोयल ने जयपुर के आर्टिस्ट धर्मेन्द्र भल्ला (बायें से दूसरे) को कुंदन जड़ाऊ मीनाकारी की बेजोड़ कारीगरी के लिए भारत का पहला डिजाइन इनोवेशन अवॉर्ड प्रदान किया।

जयपुर, (का.सं.)। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सोमवार को हुए भव्य समारोह में मिनिस्टर ऑफ टेक्सटाइल पीयूष गोयल ने जयपुर के आर्टिस्ट धर्मेन्द्र भल्ला को कुंदन जड़ाऊ मीनाकारी की बेजोड़ कारीगरी के लिए भारत का पहला डिजाइन इनोवेशन अवॉर्ड प्रदान किया गया। सम्मान स्वरूप आर्टिस्ट भल्ला को प्रशस्ति व ताम्र पत्र, अंगवस्त्र समेत 6 लाख रुपए की नकद राशि भेंट की गई। आर्टिस्ट भल्ला को उनकी आईना फ्रेम, पर्स और वाकिंग स्टिक कलाकृतियों में खूबसूरत कुंदन जड़ाऊ मीनाकारी व नवीनीकरण के लिए डिजाइन इनोवेशन नेशनल अवॉर्ड दिया गया। इसी कैटेगरी में जयपुर की डिजाइनर नेहा भाटिया को भी अवॉर्ड प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की ओर से विभिन्न कला विधाओं में देश भर के करीब सवा सौ से अधिक एमिनेंट आर्टिस्ट्स को डिजाइन इनोवेशन समेत राष्ट्रीय और शिल्पगुरु अवॉर्ड प्रदान किए गए। समारोह के कुछ अवॉर्ड उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने प्रदान किए। इसके बाद बाकी अवॉर्ड्स मिनिस्टर ऑफ टेक्सटाइल पीयूष गोयल ने प्रदान किए।

पार्किंग समस्या को लेकर मांगा जवाब

जयपुर। हाईकोर्ट ने हाईकोर्ट परिसर में पार्किंग की समस्या को लेकर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से जवाब मांगा है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश टीएन शर्मा की जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता पीसी भंडारी ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट परिसर में वकीलों सहित अन्य लोगों के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते वाहनों को हाईकोर्ट के बाहर जनपथ पर खड़ा करना पडता है। ऐसे में यहां लंबा जाम लग जाता है। कई बार तो अंबेडकर सर्किल से हाईकोर्ट पहुंचने में ही आधे घंटे से अधिक का समय लग जाता है। याचिका में कहा गया कि यह वीआईपी एरिया है, जहां हाईकोर्ट के अलावा विधानसभा और सचिवालय सहित अन्य सरकारी विभाग मौजूद हैं।

राहुल गांधी ने अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच समझौते की संभावनाओं को बल दिया

वैसे भी राजस्थान पहला कांग्रेस शासित प्रदेश होगा, जहां कन्याकुमारी से चली भारत जोड़ो यात्रा आ रही है, जिसमें कि आलाकमान विवादित स्थिति से बचना चाहता है

जयपुर, (का.प्र.)। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जब मीडिया ने राहुल गांधी से सवाल किया कि राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पायलट को गद्दार कहा है तो क्या आप मानते हैं कि उन्होंने गद्दारी की है? इस सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि वह इसमें नहीं जाना चाहते हैं कि किसने क्या कहा है। लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि दोनों ही नेता पार्टी की एसेट हैं और भारत जोड़ो यात्रा पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। यह बयान राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के मध्यप्रदेश में छठे दिन इंदौर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया के सवालों के जवाब में दिया। राहुल गांधी ने जहां बीजेपी सरकार पर आरोप लगाए, वहीं राजस्थान की सियासत में चल रही गहमागहमी पर भी बड़ा ही नपा तुला बयान दिया। राहुल गांधी ने कहा कि किसने क्या कहा, मैं इस पर नहीं जाना चाहता, लेकिन दोनों ही नेता पार्टी की एसेट है। हां, मैं इतना जरूर कहता हूं कि इसका भारत जोड़ो यात्रा पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। यह कहकर राहुल गांधी ने एक तरह से राजस्थान को लेकर समझौतावादी स्थिति खड़ी की है। इससे असमंजस भी बढ़ता लग रहा है।

राहुल गांधी के बयान को लेकर जानकारों का मानना है कि भारत जोड़ो यात्रा से पहले कांग्रेस आलाकमान दोनों नेताओं के विवाद को हवा देने की बजाय फिलहाल ठंडा रखना चाहता है, ताकि करीब 2 सप्ताह से ज्यादा की राजस्थान से गुजरने वाली भारत जोड़ो यात्रा में किसी तरह का विवाद खड़ा नहीं हो। इसका बड़ा कारण यह है कि तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा पहली बार किसी कांग्रेस शासित राज्य से गुजरने वाली है।

इधर राजस्थान से गुजरने वाली भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक होने वाली है। जिसमें यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को आना है, लेकिन सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान इंदौर में धक्का-मुक्की में उन्हें चोट लगी है। ऐसे में वह बैठक में आएंगे या नहीं, इसे लेकर असमंजस है।

इस बीच भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में 3 या 4 दिसंबर को प्रवेश करेगी और 17 या 18 दिसंबर को हरियाणा में प्रवेश करेगी। पहले राजस्थान में यह यात्रा 17 से 21 दिन की होने वाली थी, लेकिन अब यात्रा के अभी तक के प्रोग्राम के अनुसार 14 दिन में यात्रा पूरी हो जाएगी। इसका कारण यह बताया जा रहा है कि यात्रा मार्ग में पड़ने वाले सेंचुरी क्षेत्र में यात्रा को वाहनों से पूरी करवाया जा सकता है, ताकि वन अधिनियम का उल्लंघन नहीं हो। यात्रा के दौरान राहुल गांधी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे, वहीं अलवर जिले के मालाखेड़ा में उनकी बड़ी जनसभा होगी। इसके अलावा रास्ते में होने वाली नुक्कड़ सभाएं अलग से रखी गई है।

- राजस्थान में यात्रा की अवधि घटकर अब 14 दिन की रहेगी, मंगलवार की बैठक में तैयारियों को दिया जाएगा अंतिम रूप

नड्डा 1 को जनाक्रोश यात्रा के रथों को रवाना करेंगे

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की जन आक्रोश यात्रा के रथों को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 1 दिसंबर को जयपुर दशहरा मैदान से रवाना करेंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि, 51 रथों को रवाना करने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करेंगे। 2 दिसंबर को प्रत्येक जिले से रथ रवाना होंगे, जिसमें प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे, 3 और 4 दिसंबर को राजस्थान की सभी 200 विधानसभाओं में रथ रवाना किए जाएंगे। इस यात्रा के दौरान भाजपा के केंद्रीय नेता, प्रदेश के वरिष्ठ नेता, राजस्थान के सभी सांसद, विधायक व प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। यात्रा के दौरान अनेक स्थान पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गांव में रात्रि चौपाल करेंगे।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

अनुराग ठाकुर ने चिरंजीवी को इंडियन फिल्म पर्सनैलिटी पुरस्कार से नवाजा

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गोवा में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मेगास्टार चिरंजीवी को सम्मानित किया।

जयपुर (कासं)। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को मेगास्टार चिरंजीवी को इंडियन फिल्म पर्सनैलिटी पुरस्कार से नवाजा। टॉलीवुड के मेगास्टार और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित कोनिदेला शिव शंकर वरा प्रसाद, जिन्हें लोकप्रिय रूप से चिरंजीवी के नाम से जाना जाता है, उन्हें गोवा में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के 53वें संस्करण के समापन समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। अनुराग ठाकुर ने तेलुगू अभिनेता चिरंजीवी को इंडियन पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, "चिरंजीवी का लगभग चार दशकों का शानदार करियर रहा और 150 से अधिक फिल्मों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।"

इस सम्मान के लिए इफ्फी, भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए मेगास्टार चिरंजीवी ने अपने माता-पिता और तेलुगु फिल्म उद्योग के प्रति भी आभार जताया। उन्होंने कहा, मैं हमेशा अपने माता-पिता का आभारी रहूंगा जिन्होंने मुझे कोनिदेला शिव शंकर वरा प्रसाद के रूप में जन्म दिया और तेलुगु फिल्म उद्योग का भी, जिसने मुझे चिरंजीवी के रूप में पुनर्जन्म दिया। मैं इस उद्योग के प्रति आजीवन ऋणी हूं।

केन्द्रीय सूचना-प्रसारण, युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 'इफ्फी ने न सिर्फ हमारा मनोरंजन किया, बल्कि हमारा ज्ञान भी बढ़ाया। इफ्फी ने हमारे हास्य को गुदगुदाया और हमारे अनुभवों को अभिभूत कर दिया।' 'पिछले नौ दिनों में इफ्फी के दौरान कुल मिलाकर 35 हजार मिनटों के समय वाली 282 फिल्में दिखाई गईं। इस महोत्सव में दुनिया भर के 78 देशों की 183 अंतर्राष्ट्रीय फिल्में और 15 भारतीय भाषाओं में 97 भारतीय फिल्में दिखाई गईं। 20 से अधिक मास्टरक्लास, बातचीत सत्र और अनगिनत सेलिब्रिटी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें से कई सत्र न केवल वास्तविक रूप में, बल्कि वर्चुअल भी सुलभ थे।' श्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 'इफ्फी में दिखाई गई व्यापक विविधता 'वसुधैव कुटुम्बकम' की जीवंत अभिव्यक्ति है जिसने दुनिया भर के रचनात्मक विचारकों, फिल्म निर्माताओं, सिनेमा प्रेमियों और संस्कृति प्रेमी लोगों को एक मंच प्रदान किया।'

उन्होंने क्षेत्रीय सिनेमा पर विशेष जोर देने और इसके विकास के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करने की जरूरत जताई। अनुराग ठाकुर ने कहा कि क्षेत्रीय सिनेमा अब क्षेत्रीय नहीं रह गया है, बल्कि यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का हो गया है। उन्होंने कहा, 'इस साल कई फिल्मों जैसे कि आरआरआर, केजीएफ और अन्य ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम फहराया है। हाल ही में हमारे पास बांग्लादेश और मध्य एशियाई देशों से एक प्रतिनिधिमंडल आया था जिसमें 80 से भी अधिक युवा शामिल थे। वे केवल हिंदी फिल्मी गाने और क्षेत्रीय फिल्मी गाने सुनना चाहते थे। उन्होंने मिथुन चक्रवर्ती के दौर से लेकर अक्षय कुमार और चिरंजीवी तक की फिल्मों के बारे में चर्चा की, जो विभिन्न देशों की सीमाओं को मिटा देती हैं। यदि कंटेंट दमदार है, तो यह किसी विशेष क्षेत्र या देश की सीमा तक ही सीमित नहीं रहता है।'

- इफ्फी में दिखाई गई व्यापक विविधता 'वसुधैव कुटुम्बकम' की जीवंत अभिव्यक्ति : अनुराग ठाकुर
- 'क्षेत्रीय सिनेमा अब क्षेत्रीय नहीं रह गया है, यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का हो गया है'

सम्पत्ति-क्रय-विक्रय

इंद्रागांधीनगर/मालवीयनगर/सिद्धार्थ नगर/प्रतापनगर, (JLN-रोड/ रिंगरोड), जगतपुरा/मॉडलटाउन आसपास सभी हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-रेजिडेंशियल/कमर्शियल/एग्रीकल्चर/इण्डस्ट्रियल/ हॉस्पिटल/इन्स्टीट्यूशन्स/फार्महाउसेस/रिसोर्ट, लेण्डस -(बेचने-खरीदने) हेतुः-भावना एंटरप्राइजेज, रियलिटी चेम्बरः-7599912345

कार्यालय नगर पालिका चाकसू (जयपुर)
क्रमांक : न.पा.चा./कृ.भू./2022-23/4133 दिनांक : 28.11.22
लोक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम चाकसू के खसरा नम्बर 5352 रकबा 0.36 हैक्टर 5353 रकबा 0.50 हैक्टर खसरा नं. 5354 रकबा 0.07 हैक्टर खसरा 5355 रकबा 0.90 कुल किता 4 कुल रकबा 1.83 हैक्टर भूमि के खातेदार आवेदक श्री धोकल राम पुत्र श्री रामगोपाल की ओर से जनरल पावर ऑफ एटॉर्नी होल्डर श्री आनन्द सोनी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूमि पर पालिका अनुमोदित कैलाशपुरी आवासीय योजना के स्थान पर अन्य योजना विकसित करने के कारण उक्त अनुमोदित आवासीय ले-आऊट प्लान को निरस्त करने का निवेदन किया है अतः उक्त कैलाशपुरी आवासीय योजना के ले-आऊट प्लॉन को निरस्त करने के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति है तो वह आपत्ति को लिखित में इस सूचना प्रकाशन की तिथी से 7 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अवधी पश्चात प्राप्त आपत्ति अंगीकार - स्वीकार नही की जावेगी।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका चाकसू

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email id:dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2203 दिनांक-28.11.2022
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 14/163, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 92.250 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री बालचन्द पुत्र श्री कैवर मल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4711 दिनांक 09.01.1990 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 03.09.1992 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2026 दिनांक 09.01.2004 के द्वारा श्री रमेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री नारायण प्रसाद शर्मा के नाम नियमितीकरण पत्र जारी कर दिया गया है। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास में पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 09.01.2013 को करवाया गया। इसके पश्चात् श्री रमेश चन्द्र शर्मा की मृत्यु दिनांक 04.05.2021 को हो जाने के कारण इनका पुत्र श्री आमोद शर्मा पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द्र शर्मा ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत वटावारनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री आमोद शर्मा पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द्र शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

खोया पाया

मेरी दुकान संख्या 6/BS/03, इन्दिरा गांधी नगर जगतपुरा जयपुर का आवंटन पत्र, अदेय प्रमाण पत्र, कब्जा पत्र, डिक्लरेशन लेटर एवं कहीं खो गये हैं। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करे। मो.9782767079

मेरे आवास संख्या 14/MB/273 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं खो गया है। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करे। मो. 9414135984

have lost of original documents 1. Registration, 2 Byelaws, 3. Working Committee List and 4. Other Related Documents of Chinab Apartment Vikas Samiti, Sec-28, Pratap Nagar Jaipur. Any body found please contact-9782560666, Ranveer Singh Secretary.

नाम परिवर्तन

मैं मधु कौर तलवार/मधु तलवार पुत्री श्री महेन्द्र सिंह तलवार निवासी 1768, रेड़ियों मार्केट, नेहरू बाजार, जयपुर (राजस्थान) ने अपना नाम बदलकर मधु कौर कर लिया है। भविष्य में मुझे मधु कौर के नाम से जाना जाये।

Army No. 18005781X NK कात्रे आशीष कुमार पताः 60, इंजीनियर रेजीमेंट मार्फत 56 APO 14060 जयपुर, यह कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम Jyothi (ज्योति) दर्ज है। जो कि गलत नाम है जबकि मेरी पत्नी का सही वास्तविक नाम Katre Jyothi (कात्रे ज्योति) है।

मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम दिव्या शर्मा, जन्मतिथि 23.05.2015 गलत दर्ज है। सही नाम दिव्या सिंह (Divya Singh) पुत्री दीप नारायण, जन्मतिथि 23.03.2015 है। Army No. 18002431A Hav दीप नारायण, पताः 60, इंजीनियर रेजीमेंट C/o 56, APO एरिया, जयपुर।